2

टी०ए० मिस केस सं० 173/2018-19

दिनांक	आदेश	अभ्युक्ति
05-03-2020		

अभिलेख उपस्थापित। आवेदक **सानगी तियु, पिता–स्व० नारा तियु,** ग्राम–**टोन्टो,** थाना–**मुफ्फसिल,** जिला–पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा ने मौजा–**डिलियामार्चा,** थाना नं०–**108,** खाता नं०–288, प्लॉट नं०–2796, **रकवा–0.07 एकड़** भूमि क्रेता **सोना सिंह कुन्टिया पति–लखन सिंह कुन्टिया** ग्राम–**परमपंचो**, थाना–**मुफ्फसिल** के पास में बिक्री के द्वारा हस्तान्तरित करने की मांग की गई है। इस संबंध मे छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1) (ए) के अन्तर्गत इस न्यायालय से उपरोक्त प्लॉट की बिक्री हेतु आम सूचना निर्गत किया गया।

अंचल अधिकारी, सदर चाईबासा से जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई, जो प्राप्त हुआ। विक्रेता के द्वारा भी इस संबंध में आवश्यक दास्तावेज प्रस्तुत किया गया। दास्तावेज के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि आवेदित भूमि आवेदक के पिताजी के नाम पर हालसर्वे खतियान में दर्ज है। आवेदक का आवेदित भूखंड पर शांतिपूर्ण दखल है।

अंचल अधिकारी, सदर चाईबासा का जाँच प्रतिवेदन पत्रांक–195,दिनांक–02.03.2020 के द्वारा प्राप्त है एवं विक्रेता द्वारा प्रस्तुत आवश्यक दस्तावेजों के अवलोकन से ज्ञात होता है कि गृह निर्माण एवं देन–परिदेन हेतु रूपये की आवश्यकता होने के कारण भू–खण्ड को क्रेता– **सोना सिंह कुन्टिया पति–लखन सिंह कुन्टिया** ग्राम–**परमपंचो**, थाना–**मुफ्फसिल** के पास **4,50,000.00/–(चार लाख पचास हजार) रूपये** में बिक्री करना चाहते हैं। इस संबंध में किसी को किसी प्रकार का आपत्ति प्राप्त नहीं हुआ है। जाँच प्रतिवेदन से यह स्पष्ट होता है कि कि विक्रेता एवं क्रेता दोनों थाना **मुफ्फसिल** के निवासी है। उक्त दोनों अनुसूचित जन जाति के सदस्य हैं। ग्रामीण मुण्डा का बिक्री करने संबंधी अनुशंसा प्रतिवेदन प्राप्त है जो अभिलेख में संलग्न है।

उपरोक्त प्लॉट की बिक्री के पश्चात् आवेदक के पास शेष 2.00 एकड़ भूमि से ज्यादा बचता है। आवेदक के पास भरण पोषण हेतु पैत्रिक भू–सम्पति प्रर्याप्त है।

अतः संबंधित राजस्व कर्मचारी/अंचल निरीक्षक/अंचल अधिकारी, सदर चाईबासा एवं ग्रामीण मुण्डा के अनुशंसा के आलोक में आवेदक **सानगी तियु, पिता–स्व० नारा तियु,** ग्राम–**टोन्टो,** थाना–**मुफ्फसिल,** जिला–पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा, जिला–पश्चिमी सिंहभूम क्रेता **सोना सिंह कुन्टिया पति–लखन सिंह कुन्टिया** ग्राम–**परमपंचो**, थाना–**मुफ्फसिल** के पास जमीन को कुल **4,50,000.00/–(चार लाख पचास हजार) रूपये** में मौजा–**डिलियामार्चा,** थाना नं०–**108,** खाता नं०–288, प्लॉट नं०–2796, **रकवा–0.07 एकड़.** जमीन बिक्री करने हेतु छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46 (1)(ए) के अन्तर्गत बिक्री द्वारा हस्तांतरण करने की ......अनुमति...... दी जाती है।

लेखापित

(हस्ताक्षर) 5/3

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता
सदर चाईबासा।

(हस्ताक्षर) 5/3/2020

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता
सदर चाईबासा।

Scanned with CamScanner